(3) खान और बीड़ी श्रमिकों के लिए कर्करोग राहत की योजना के तहत उन निकायों, संगठनों आदि को सहायता अनुदान की अदायगी की जाती है जो रोगियों को अंतरंग या वहिरंग चिकित्सा सुविधाएं और निर्वाह भत्ता देते हैं।

(4) कैन्सर से पीड़ित खान और बीड़ी श्रमिकों के इलाज की वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति की योजना के अधीन खान और बीडी श्रमिकों द्वारा किसी मान्यताप्राप्त अस्पताल में कैन्सर के इलाज पर किए गए इलाज, दवाइयों और भोजन खर्च की प्रतिपूर्ति, आश्रितों को निर्वाह भत्ता और रोगी तथा उसके परिवार को यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता की अदायगी करने की व्यवस्था है ।

(5) मानसिक रोगों से पीड़ित खान/बीड़ी श्रमिकों के इलाज के लिए सुविधाएं देने की योजना के तहत कल्याण निधि से चिकित्सीय इलाज निर्वाह भत्ता की अदायगी, रेल भड़ा, भोजन खर्च और परिवार को अदायगी आदि के प्रति हुए खर्च की अदायगी की जाती है।

आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि

2514. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या आतंकवादी गतिविधियां केवल पंजाब और दिल्ली तक ही सीमित है अथवा ये गतिविधियां देश भर में फैलती जा रही हैं और एक नया मोड़ ले रही हैं ; और

(ख) क्या सरकार पुलिस प्रशिक्षण की प्रणाली में तदनुकूल सुधार करने की किसी योजना पर विचार कर रही है ; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) ऐसी गतिविधियां कुछ अन्य राज्यों में भी सूचित की गई है ।

(ख) राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के पुलिस कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए विभिन्न आतंकवादी–विरोधी पाठ्यक्रम आयोजित किए गए हैं ।

वृक्ष संरक्षण योजना

2515. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ-साथ वृक्ष संरक्षण योजना भी क्रियान्वित करने का विचार है; यदि हां, तो इस योजना का प्रारूप क्या है ; और

(ख) क्या वृक्ष संरक्षण कार्य में ग्राम पंचायत की मदद ली जायेगी और क्या इस प्रयोजन के लिये उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मेडम आर० अंसारी) : (क) जी नहीं, वनीकरण कार्यक्रम के लिये पृथक से कोई पौध संरक्षण परियोजना नहीं है । तथापि, आवश्यकता के आधार पर कतिपय वनीकरण परियोजनाओं में कृमिनाशियों/कीटनाशियों के प्रयोग के लिये व्यवस्था की जाती है । पशुओं से पौधों को बचाने के लिये वनीकरण क्षेत्रों में चौकीदारी की व्यवस्था की जाती है ।

(ख) गांवों के आस-पास के इलाकों में गांव की सामुदायिक भूमि और वृक्षविहीन वन भूमि पर लगाए गए वृक्षों की सुरक्षा और उनकी देखभाल में ग्राम पंचायतों को शामिल करने के लिए राज्यों को निर्देश दिए गए हैं । परन्तु इस उद्देश्य के लिए उन्हें वित्तीय सहायता देने की कोई परियोजना नहीं है ।

राजभाषा अधिनियम का कार्यान्वयन

2516. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक को सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में राजभाषा, हिन्दी के योग प्रसार प्रचार कार्य का प्रभारी बनाया गया है ;